F:\PRO\press note.docx

SILVASSA MUNICIPAL COUNCIL
DADRA & NAGAR HAVELI
SILVASSA – 396230
Phone No.: 0260-2633192, Fax No.: 0260-2633191

No. SMC/PRO/2020/5038 Date. 30.12.2021

प्रेस नोट

माननीय प्रधानमंत्री श्री. नरेंद्र मोदीजी द्वारा शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत सिलवासा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्य पूर्ण बनाने के लिए, सिलवासा नगर पालिका ने विविध उपक्रम शुरु किए है । जैसे की कचरा निर्माण स्थल पर ही अलग अलग करने के लिए कूड़ेदान की व्यवस्था, सार्वजनिक स्वच्छताग्रहों का निर्माण एवं रखरखाव, सार्वजनिक कूड़ेदान की समयसीमा अनूसार साफसफ़ाई, सभी सार्वजनिक सड़कों की साफ़सफाई इत्यादि ।

इस अंतर्गत दादरा नगर हवेली एवं दमन एवं दीव के माननीय प्रशासक श्री प्रफुल पटेल जी के मार्गदर्शन में, और सिलवासा नगर पालिका के माननीय अध्यक्ष श्री राकेशसिंह एम् चौहान के सक्षम नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत और स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत सिलवासा नगर पालिका द्वारा आज दिनांक 30.12.2021 को सिलवासा नगर पालिका ने सफाई अभियान का आयोजन किया | इस अभियान में सिलवासा नगर पालिका के सभी सभासद ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

सिलवासा नगर पालिका इस साल "Garbage Free City (One Star)" के लिए हिस्सा ले रहे है । आप सभी से अनुरोध है की, हर बार की तरह इस बार भी सिलवासा नगर पालिका को सहयोग करे और सिलवासा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में साथ दे। और स्वच्छता संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो हेल्प लाइन नंबर : १८०० १०३ ०६३६ पर कॉल करे या फिर smcdnh.in पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है | आप ज्यादा से ज्यादा **"स्वच्छता एप्लीकेशन" "Swachhta App"** डाउनलोड करें और किसी भी प्रकार की स्वच्छता सम्बंधित शिकायत को दर्ज करें|

सिलवासा नगर पालिका, सिलवासा क्षेत्र के सभी नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर और प्लास्टिक मुक्त सिलवासा बनाने के लिए अपना योगदान देने की अपील करती है ।

स्वच्छ सिलवासा, सुंदर सिलवासा।

जनसंपर्क अधिकारी
सिलवासा नगर परिषद
सिलवासा